
ALL COMPETITIVE EXAMS
Daily
करेंट अफेयर्स
with Static G.K
NEWS
अलार्म वाली क्लास
LIVE 28-03-2025 06:00 AM

# Daily Current Affairs

+

# Important Static Facts

**28 MARCH 2025**

## Home Work Question

Q. शंभू महाराज को किस प्रकार के नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप प्रदान की गई? Shambhu Maharaj was awarded the Sangeet Natak Akademi Fellowship for which form of dance?

(a) कथक Kathak

(b) कुचिपुड़ी Kuchipudi

(c) भरतनाट्यम Bharatanatyam

(d) मणिपुरी Manipuri

लखनऊ घराने

1956 पद्म श्री

1967 → संगीत नाटक

# 27 MARCH 2025 का रिवीजन

Q. 1: पहला सागरमाथा संवाद कहाँ आयोजित किया जाएगा? Where will the first Sagarmatha Dialogue be held?

नेपाल

Q. 2: हाल ही में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में सुनील कुमार ने कौन सा पदक जीता है? Which medal has Sunil Kumar won recently in the Asian Wrestling Championship 2025?

कांस्य

**Q. 3:** हाल ही में चर्चा में रहा "काला सागर" निम्न में से किस देश के साथ सबसे लंबी तटरेखा साझा करता है? The "Black Sea", which was in the news recently, shares the longest coastline with which of the following countries?

रूस

स्मृति मंधाना।

**Q. 4:** हाल ही में जारी ICC महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में किस भारतीय महिला बल्लेबाज ने तीसरा स्थान हासिल किया है? Which Indian women batsman has secured third place in the recently released ICC Women's T20I batsmen rankings?

Q. 5: हाल ही में चर्चा में रहा "लाइम रोग" किसके द्वारा होता है? "Lyme disease" which was in the news recently is caused by whom?

बैक्टीरिया

Q. 6: हाल ही में विकसित भारत की पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन को परीक्षण के लिए कहाँ स्थापित किया जाएगा? Where will India's first indigenously developed MRI machine be installed for testing?

AIIMS दिल्ली

Q. 7: हाल ही में नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य किसे नियुक्त किया गया है? Who has been appointed as the full-time member of NITI Aayog recently?

राजीव गौबा

Q. 8: हाल ही में दिवंगत मनोज भारतीराजा का संबंध किससे है? Recently deceased Manoj Bharathiraja is related to what?

तमिल सिनेमा

Q. 9: हाल ही में किस देश ने ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक में शामिल होने की घोषणा की है? **Which country has recently announced to join the BRICS New Development Bank?**

इंडोनेशिया

शिलांग

Q. 10: हाल ही में 7वें एक्ट ईस्ट बिजनेस शो की शुरुआत कहाँ की गई है? **Where has the 7th Act East Business Show been started recently?**

Q. 11: हाल ही में पुरुष ISTAF सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने कौन सा पदक जीता है? Which medal has the Indian men's team won in the Men's ISTAF Sepak Takraw World Cup 2025 recently?

Gold

NTF

Q. 12: हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए किसका गठन किया है? Recently, the Supreme Court has constituted which of the following to prevent suicides of students in higher educational institutions?

Q. 13: हाल ही में विश्व पर्पल दिवस 2025 किस रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया गया है? Recently World Purple Day 2025 has been celebrated to raise awareness about which disease?

मिर्गी

Q. 14: हाल ही में किस मंत्रालय ने "बालपन की कविता पहल: छोटे बच्चों के लिए भारतीय कविताओं को पुनर्स्थापित करना" शुरू किया है? Which ministry has recently launched the "Childhood Poetry Initiative: Restoring Indian Poems for Young Children"?

शिक्षा मंत्रालय

**Q. 15: हाल ही में भारत ने ग्रीन डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर के लिए किस देश के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं? Recently, India has signed a letter of intent with which country for the Green Digital Shipping Corridor?**

1 सिंगापुर

# 28 MARCH 2025

Q. 1: हाल ही में भारत की नंबर 1 महिला स्क्वैश खिलाड़ी कौन बनी हैं? Who has recently become India's number 1 female squash player?



(a) जोशना चिनप्पा Joshna Chinappa

(b) आकांक्षा सालुंखे Akanksha Salunke

(c) तान्या भानोट Tanya Bhanot

(d) अनाहत सिंह Anahat Singh

Answer (d) अनाहत सिंह Anahat Singh

हाल ही में जारी PSA विश्व रैंकिंग (PSA world rankings) में भारतीय महिला स्क्वैश (squash) खिलाड़ी अनाहत सिंह ने 68वीं रैंकिंग हासिल की. इसी के साथ वह आकांक्षा सालुंखे को पीछे छोड़ते हुए भारत की नंबर 1 महिला स्क्वैश खिलाड़ी बन गई हैं.

आकांक्षा सालुंके, अब विश्व रैंकिंग में 69वें नंबर पर हैं और भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं.

जोशना चिनप्पा 131वें स्थान पर हैं, जिससे वे भारत की तीसरे नंबर की खिलाड़ी बन गई हैं.

पुरुषों की रैंकिंग में रमित टंडन विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर पर हैं और भारत के नंबर 1 पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी हैं. उनके बाद वेलावन सेंथिलकुमार 39वें स्थान पर हैं.

अनाहत सिंह
रमित टंडन

All Competitive Exams करेंट अफेयर्स Daily with Static G.K

Q. 2: हाल ही में "रिपल्स ऑफ चेंज: जेंडर-ट्रांसफॉर्मेटिव रूरल वाश प्रोग्राम्स इन इंडिया" पुस्तक का विमोचन किसने किया है? Who has recently released the book "Ripples of Change: Gender-transformative rural WASH programmes in India"?



(a) चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल Chandrakant Raghunath Patil

(b) अनिरुद्ध अवस्थी Anirudh Awasthi

(c) बीवीआर सुब्रह्मण्यम BVR Subramaniam

(d) धर्मेंद्र प्रधान Dharmendra Pradhan

Answer: (a) चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल Chandrakant Raghunath Patil

हाल ही में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री (Union Minister for Jal Shakti) चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने नई दिल्ली में "रिपल्स ऑफ चेंज: जेंडर-ट्रांसफॉर्मेटिव रूरल वाश प्रोग्राम्स इन इंडिया (Ripples of Change: Gender-transformative rural WASH programmes in India)" पुस्तक का विमोचन किया है.

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (Department of Drinking Water and Sanitation), जल शक्ति मंत्रालय और यूनिसेफ इंडिया के संयुक्त प्रकाशन, रिपल्स ऑफ चेंज में ग्रामीण भारत की दस शक्तिशाली कहानियाँ शामिल हैं.

ये कहानियाँ लैंगिक सशक्तिकरण (gender empowerment), सामुदायिक नेतृत्व (Community Leadership) और जमीनी स्तर पर नवाचार (innovation) के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाती हैं.

इस दौरान उन्होनें जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के उन्नत वेबसाइट पोर्टल (upgraded website portal) का भी शुभारंभ किया.

**Q. 3: हाल ही में किस देश ने फेसबुक पर प्रतिबंध लगाया है? Which country has recently banned Facebook?**




(a) इंडोनेशिया Indonesia

(b) म्यांमार Myanmar

(c) पापुआ न्यू गिनी Papua New Guinea

(d) फिलीपींस Philippines

Answer: (c) पापुआ न्यू गिनी Papua New Guinea

हाल ही में नफरत फैलाने वाले भाषण, गलत सूचना और अश्लीलता पर अंकुश लगाने के लिए एक "परीक्षण" के रूप में पापुआ न्यू गिनी (Papua New Guinea) ने फेसबुक (Facebook) पर प्रतिबंध (ban) लगाया है.

Q. 4: दुनिया की एकमात्र चौगुनी पैरा तीरंदाज कौन हैं? Who is the world's only quadruple para archer?



(a) पूजा यादव Pooja Yadav

(b) शीतल देवी Sheetal Devi

(c) एकता भान Ekta Bhan

(d) पायल नाग Payal Nag

Answer (d) पायल नाग Payal Nag

ओडिशा की पायल नाग दुनिया की एकमात्र चौगुनी पैरा तीरंदाज (quadruple para archer) हैं.

हाल ही में उन्होनें खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 (Khelo India Para Games 2025) में कंपाउंड तीरंदाजी ओपन (compound archery open) में रजत (silver) पदक जीता हैं.

Q. 5: हाल ही में विश्व रंगमंच दिवस 2025 कब मनाया गया है? When was World Theatre Day 2025 celebrated recently?




(a) 25 मार्च 25 March

(b) 26 मार्च 26 March

(c) 27 मार्च 27 March

(d) 28 मार्च 28 March

Answer: 27 मार्च 27 March

हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस (World Theatre Day), 27 मार्च, 1962 को पेरिस (Paris) में "थिएटर ऑफ नेशंस" सत्र (Theatre of Nations season) के उद्घाटन की उपलक्ष्य में मनाया जाता है.

विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (International Theatre Institute (ITI)) द्वारा की गई थी.

विश्व रंगमंच दिवस 2025 थीम: "रंगमंच और शांति की संस्कृति (Theatre and a Culture of Peace)"

Q. 6: हाल ही में 10वां ब्रिक्स नीति योजना संवाद कहाँ आयोजित किया गया है? **Where has the 10th BRICS Policy Planning Dialogue been held recently?**



(a) रूस **Russia**

(b) ब्राजील **Brazil**

(c) भारत **India**

(d) चीन **China**

**Answer (b) ब्राजील Brazil**

**10वां ब्रिक्स नीति योजना संवाद (10th BRICS Policy Planning Dialogue) 24-25 मार्च को ब्रासीलिया, ब्राजील (Brasilia, Brazil) में आयोजित किया गया है.**

**इससमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (Brazil, Russia, India, China and South Africa) के नीति नियोजकों के साथ-साथ विस्तारित ब्रिक्स सदस्यता के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी शामिल हुए.**

भारतीय प्रतिनिधिमंडल (Indian Delegation) का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के नीति योजना और शोध के संयुक्त सचिव रघुराम एस ने किया.

Q. 7: हाल ही में वर्टिकल-लॉन्चड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किसने किया? Who successfully tested the vertically-launched short-range surface-to-air missile recently?

(a) भारतीय वायु सेना Indian Air Force

(b) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड

Bharat Dynamics Limited

(c) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड Hindustan Aeronautics Limited

(d) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

Defence Research and Development Organisation

DRDO
HQ → New Delhi
स्थापना = 1958
अध्यक्ष → डा समीर वी कामथ



Answer: (d) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन Defence Research and Development Organisation

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research & Development Organisation (DRDO)) ने भारतीय नौसेना (Indian Navy) के लिए स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्चड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (Vertically-Launched Short-Range Surface-to-Air Missile (VLSRSAM)) का सफल परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (Integrated Test Range (ITR)) से किया.

Q. 8: हाल ही में किस भारतीय को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग -एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है? Which Indian has recently been elected as the Bureau Member of United World Wrestling - Asia?

(a) बृजभूषण शरण सिंह Brij Bhushan Sharan Singh

(b) संजय सिंह Sanjay Singh

(c) योगेश्वर दत्त Yogeshwar Dutt

(d) सुशील कुमार Sushil Kumar



Answer: (b) संजय सिंह Sanjay Singh

भारतीय कुश्ती महासंघ (Wrestling Federation of India WFI) के अध्यक्ष संजय सिंह को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग-एशिया (United World Wrestling-Asia, UWW- Asia) का ब्यूरो सदस्य (Bureau Member) चुना गया है

Q. 9: हाल ही में कौन सा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश बना है? Recently, which country has become the second largest tea exporting country in the world?



(a) भारत India

(b) चीन China

(c) श्रीलंका Sri Lanka

(d) केन्या Kenya

Answer: (a) भारत India

हाल ही में भारत, श्रीलंका को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक (export) देश बन गया है.

भारतीय चाय बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश ने पिछले वर्ष 25 करोड़ 50 लाख किलोग्राम चाय का निर्यात किया है.
केन्या (Kenya) शीर्ष स्थान पर है.

भारत का चाय निर्यात 2024 में 2023 की तुलना में 10% अधिक है.

Q. 10: हाल ही में डीएक्स-ऐज की शुरुआत किसने की है? Who has recently launched DX-Edge?



(a) अमिताभ कांत Amitabh Kant

(b) अजय सेठ Ajay Seth

(c) बीवीआर सुब्रह्मण्यम BVR Subrahmanyam

(d) गोपाल विट्टल Gopal Vittal

Answer (c) बीवीआर सुब्रह्मण्यम BVR Subrahmanyam

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम (NITI Aayog CEO BVR Subrahmanyam) ने डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से उत्कृष्टता और विकास को सशक्त बनाने के लिए डीएक्स-ऐज (DX-Edge) की शुरूआत की है.

डीएक्स-ऐज सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (micro, small and medium enterprises-MSMEs), प्रौद्योगिकी प्रदाताओं (technology providers) और शैक्षणिक संस्थानों (academic institutions) को जोड़ने वाली एक व्यवस्था बनाने की एक राष्ट्रीय पहल है.

डीएक्स-ऐज, भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry (CII)) और नीति फ्रंटियर टेक हब (NITI Frontier Tech Hub) का एक सहयोगात्मक प्रयास है.

उद्देश्य (Objective): विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण करना और MSMEs की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना

Q. 11: हाल ही में भारत-युगांडा संयुक्त व्यापार समिति का तीसरा सत्र कहाँ आयोजित किया गया? Where was the third session of the India-Uganda Joint Trade Committee held recently?

(a) कंपाला Kampala

(b) मुंबई Mumbai

(c) बेंगलुरु Bengaluru

(d) नई दिल्ली New Delhi



Answer: (d) नई दिल्ली New Delhi

भारत-युगांडा संयुक्त व्यापार समिति (India-Uganda Joint Trade Committee (JTC)) का तीसरा सत्र 25-26 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया गया.

सहयोग बढ़ाने के लिए पहचाने गए प्रमुख क्षेत्रों में खनिज, कॉफी, कोको उत्पाद, दालें, अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद (residual chemical and allied products), मसाले, डेयरी उत्पाद, आवश्यक तेल, प्लास्टिक के कच्चे माल, फल और सब्जियां, खनन, बैंकिंग, डिजिटल अवसंरचना, कृषि,

MSME विकास, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रिक वाहन और महत्वपूर्ण खनिज, जिनमें दुर्लभ पृथ्वी तत्व (Rare Earth Elements (REE))

Q. 12: हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने 52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम्स की खरीद के लिए किस के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किया हैं?

Recently the Ministry of Defence has signed a contract with whom for the purchase of 52 caliber Advanced Towed Artillery Gun Systems?

(a) भारत फोर्ज लिमिटेड Bharat Forge Limited

(b) लार्सन एंड टुब्रो Larsen & Toubro

(c) टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड Tata Advanced Systems Limited

(d) a और c दोनों Both a and c

Answer (d) a और c दोनों Both a and c

रक्षा मंत्रालय (Ministry of Defence) ने भारतीय सेना के लिए 155 मिमी, 52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम्स (Advanced Towed Artillery Gun Systems (ATAGS)) और हाई-मोबिलिटी 6×6 गन टोइंग वाहनों (high-mobility 6×6 gun towing vehicles) की खरीद के लिए भारत फोर्ज लिमिटेड (Bharat Forge Limited) और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (Tata Advanced Systems Limited (TASL)) के साथ

लगभग 6,900 करोड़ रुपये की कुल लागत पर अनुबंधों (contracts) पर हस्ताक्षर किए हैं.

307 गनों का अनुबंध भारत फोर्ज और TASL (क्रमशः 184 और 123 गन) के बीच 60:40 अनुपात में विभाजित किया गया है.

3 : 2

Q. 13: हाल ही में देश का पहला सहकारी विश्वविद्यालय 'त्रिभुवन' कहाँ स्थापित किया जाएगा? Where will the country's first cooperative university 'Tribhuvan' be established recently?

(a) गुजरात Gujarat

(b) महाराष्ट्र Maharashtra

(c) उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh

(d) राजस्थान Rajasthan



**Answer (a) गुजरात Gujarat**

**लोकसभा ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 (Tribhuvan Cooperative University Bill 2025) पारित कर दिया है. इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद (Institute of Rural Management Anand (IRMA)) को त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करना और इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करना है.**

गुजरात के आणंद में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय का नाम सहकारी आंदोलन के नेता और अमूल डेयरी के संस्थापक त्रिभुवनदास किशिभाई पटेल के नाम पर रखा जाएगा.

Q. 14: हाल ही में किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने जालसाजी से निपटने के लिए Sr2BiF7 नैनोकणों से युक्त एक नई स्याही विकसित की है? Recently, scientists of which institute have developed a new ink containing Sr2BiF7 nanoparticles to combat counterfeiting?

(a) भारतीय विज्ञान संस्थान Indian Institute of Science

(b) नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान Institute of Nano Science and Technology

(c) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre

(d) b और c दोनों Both b and c


Answer: (d) b और c दोनों Both b and c

नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (Institute of Nano Science and Technology (INST)) और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (Bhabha Atomic Research Centre (BARC)) के वैज्ञानिकों ने जालसाजी से निपटने के लिए $Sr_2BiF_7$ नैनोकणों (nanoparticles) से युक्त एक नई स्याही (ink) बनाई है.

इस स्याही में Sr2BiF7 (स्ट्रोंटियम बिस्मथ फ्लोराइड) नैनोकण ((strontium bismuth fluoride) nanoparticles) होते हैं, जिन्हें एर्बियम और यटरबियम (erbium and ytterbium) जैसे लैंथेनाइड आयनों (lanthanide ions) के साथ मिलाया जाता है, और पॉलीविनाइल क्लोराइड (polyvinyl chloride PVC) स्याही के साथ मिलाया जाता है.

यह स्याही पराबैंगनी और निकट-अवरक्त प्रकाश (ultraviolet and near-infrared light) दोनों के तहत प्रतिदीप्त (fluoresce) हो सकती है, जिससे यह वर्तमान स्याही की तुलना में अधिक सुरक्षित हो जाती है.

**Q. 15: हाल ही में किस राज्य में 'मेगालिथ' की खोज हुई? In which state were 'megaliths' discovered recently?**



(a) कर्नाटक Karnataka

(b) केरल Kerala

CM → पिनराई विजयन

Gov → राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

(c) तमिलनाडु Tamil Nadu

LS → 20

(d) हरियाणा Haryana

Answer: (b) केरल Kerala

केरल के पलक्कड़ में मलमपुझा बांध के पास हुए अन्वेषण में 110 से अधिक मेगालिथिक दफन स्थल मिले हैं।

ASI की एक टीम ने सर्वेक्षण करते समय 45 हेक्टेयर भूमि पर फैले 110 से अधिक मेगालिथिक संरचनाओ (megalithic structure) का समूह खोजा है।

मेगालिथ (Megaliths) बड़े पत्थरों से बनी संरचनाएं होती हैं, जो आमतौर पर शवों को दफनाने के उद्देश्य से बनाई जाती थीं।

इनमें सीमेंट या मोर्टार (Mortar) जैसी बाध्यकारी सामग्री (Binding Materials) का उपयोग नहीं किया जाता था।

ये प्राचीन मानव समाजों की दफन परंपराओं और धार्मिक विश्वासों को समझने में मदद करते हैं।

द्वीप जैसे टीलों से युक्त यह स्थल केरल में अब तक पाए गए सबसे बड़े मेगालिथिक दफन स्थलों में से एक माना जा रहा है।

**Q. 16: हाल ही में खोजी गई 'लोबोथोरैक्स भारत' किसकी प्रजाति है? The recently discovered 'Lobothorax india' is a species of which animal?**

रीढ़ रहित

**(a) बिच्छू Scorpion**

**(b) कुत्ता Dog**

**(c) तितली Butterfly**

**(d) आइसोपॉड Isopod**

क्रस्टेशियंस समूह

झींगा और केकड़े



Answer: (d) आइसोपॉड Isopod

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के शोधकर्ताओं द्वारा बंगाल की खाड़ी में समुद्री मछलियों की मुख गुहा में सक्रिय परजीवी आइसोपोड (Parasitic Isopod) की एक नई प्रजाति की खोज की गई है।

पहली बार भारत में प्राप्त होने के कारण नई प्रजाति का नाम 'लोबोथोरैक्स भारत' (Lobothorax bharat) रखा गया है।

यह प्रजाति लोबोथोरैक्स वंश से संबंधित है जो आइसोपोड्स का एक समूह है, जो समुद्री मछलियों की मुख गुहा पर परजीवी के रूप में निवास करता है।

ये परजीवी अपनी मेजबान मछली के रक्त और बलगम (mucus) पर जीवित रहते हैं।

इनसे प्रभावित मछलियों में एनीमिया हो जाता है।

इसमें सात जोड़ी पैर होते हैं, जिनमें से प्रत्येक में हुक के आकार की संरचना होती है, जो मछली के मुंह के गुहा से मजबूती से जुड़े रहते हैं।

'लोबोथोरैक्स भारत' प्रजाति अपनी सबसे करीबी परजीवी प्रजाति 'लोबोथोरैक्स टाइपस ब्लीकर' (Lobothorax typus Bleeker) से आकृति संबंधी एवं आनुवांशिक विशेषताओं में काफी भिन्न है।

# जनवरी महत्वपूर्ण दिवस और थीम 2025

1. 04 जनवरी - विश्व ब्रेल दिवस (World braille day)

2. 05 जनवरी- राष्ट्रीय पक्षी दिवस (National Bird Day - 05 January)

थीम - हमारे पंखो वाले दोस्तों की सुरक्षा

Theme: - Protecting our feathered friends

3. 9 जनवरी - प्रवासी भारतीय दिवस (Pravasi Bharatiya Divas)

थीम: - विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान

Theme: - Diaspora's contribution to a Viksit Bharat

4. 10 जनवरी- विश्व हिंदी दिवस (World Hindi Day)

थीम : - हिंदी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज

Theme: - Hindi is the global voice of unity and cultural pride

5. 12 जनवरी- राष्ट्रीय युवा दिवस (National Youth Day)

थीम :- राष्ट्र निर्माण के लिए युवा सशक्तिकरण

Theme :- Youth Empowerment for Nation Building

6. 15 जनवरी - भारतीय सेना दिवस (Indian Army Day)

7. 16 जनवरी -राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस (National Startup Day)

8. 11 से 17 जनवरी- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह दिवस

(National Road Safety Week Day)

थीम:- एक सड़क सुरक्षा नायक बनें

Theme:- Be a Road Safety Hero

9. 16 जनवरी - लोकपाल दिवस (Lokpal Day)

10. 20 जनवरी - पेंगुइन जागरूकता दिवस (Penguin Awareness Day)

थीम :- पेंगुइन और उनके ठंडें दक्षिणी घर का जश्न मनाना

Theme: Celebrating penguins and their cold southern home

11. 23 जनवरी - पराक्रम दिवस (valor day)

12. 24 जनवरी- राष्ट्रीय बालिका दिवस (National Girl Child Day)

थीम :- सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण

Theme:- Empowering girls for a brighter future

13. 24 जनवरी - अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

(International Education Day)

थीम : - AI और शिक्षा: स्वचलित दुनिया में मानव एजेंसी

Theme: - AI and education: human agency in an automated world

14. 25 जनवरी - राष्ट्रीय मतदाता दिवस (National Voters Day)

थीम: - वोटिंग जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम

Theme: - Nothing Like Voting, I Vote for Sure

15. 24 जनवरी - उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस

(Uttar Pradesh State Foundation Day)

थीम :- विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश

Theme :- Development and heritage : Uttar Pradesh on the path to progress

16. 25 जनवरी- राष्ट्रीय पर्यटन दिवस (National Tourism Day)

थीम : - समावेशी विकास के लिए पर्यटन

Theme:- Tourism for inclusive growth

17. 26 जनवरी- गणतन्त्र दिवस (Republic day)

थीम : स्वर्णिम भारत - विरासत और विकास

Theme: Swarnim Bharat - Virasat aur Vikas

18. 26 जनवरी - अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस

(International Customs Day)

थीम: - सीमा शुल्क दक्षता, सुरक्षा और सम्मृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहा है।

Theme:- Customs Delivering on its Commitment to Efficiency, Security, and Prosperity

19. 26 जनवरी- (जनवरी के अंतिम रविवार)- विश्व कुष्ठ दिवस

(World Leprosy Day)

थीम :- एकजुट हो जाओं, कार्य करो खत्मकरों।


Theme :- Unite. Act. Eliminate

| |
|---|
| 20. 27 जनवरी- नेशनल ज्योग्राफिक दिवस<br><br>(National Geographic Day)<br><br>थीम :- संरक्षण और स्थिरता के लिए समर्थन<br><br>Theme:- Support for conservation and sustainability |
| 21. 30 जनवरी - शहीद दिवस (Martyr's Day) |

# महत्वपूर्ण पुस्तके और उनके लेखक

① द डिसेंट ऑफ मैन्- चार्ल्स डार्विन

**The Descent Of Man- Charles Darwin**





② मदर इंडिया- कैथरीन मेयो

**Mother India- Katherine Mayo**





③ द प्रिन्स- मैकियावैली

**The Prince- Machiavelli**




4 द सोशल कॉन्ट्रैक्ट- रूसो

**The Social Contract- Rousseau**




5 वार एंड पीस-लियो टॉलस्टॉय

**War and Peace- Leo Tolstoy**



One liner revision

1. हाल ही में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? डॉ. वी. नारायणन

Recently, who has been appointed as the new chairman of Indian Space Research Organisation (ISRO)? Dr. V. Narayanan

2. हाल ही में, जॉन ड्रामानी महामा किस देश के राष्ट्रपति बने हैं? घाना

Recently, John Dramani Mahama has become the President of which country? Ghana

3. हाल ही में, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? बहादुर सिंह सागू

Recently, who has been appointed as the new President of the Athletics Federation of India? Bahadur Singh Sagoo

4. हाल ही में, कौन सा देश ब्रिक्स का 10वां सदस्य देश बना है? इंडोनेशिया

Recently, which country has become the 10th member country of BRICS? Indonesia

5. हाल ही में, 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड 2025 में बेस्ट मोशन पिक्चर अवार्ड किसने जीता? द ब्रुटलिस्ट

**Recently, who won the Best Motion Picture Award at the 82nd Golden Globe Awards 2025? The Brutalist**

6. हाल ही में, विश्व तेलुगु सम्मेलन कहाँ आयोजित किया जा रहा है?

आन्ध्र प्रदेश

**Recently, where is the World Telugu Conference being held?**

**Andhra Pradesh**

7. हाल ही में, 74वीं सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? गुजरात

**Recently, where is the 74th Senior National Basketball Championship being held? Gujarat**

8. हाल ही में, पार्थ योजना की शुरुआत किस राज्य में की गई है? मध्य प्रदेश

**Recently, in which state has the Parth scheme been started? Madhya Pradesh**

9. हाल ही में, एशिया की सबसे बड़ी शैलो वेव बेसिन अनुसंधान सुविधा की शुरुआत कहाँ की गई है? IIT मद्रास

**Recently, where has Asia's largest Shallow Wave Basin Research Facility been started? IIT Madras**

10. हाल ही में, किस संस्थान के शोधकर्ताओं ने मृदा प्रदूषण से निपटने और कृषि को बढ़ावा देने के लिए बैक्टीरिया की खोज की है? IIT बॉम्बे

**Recently, researchers of which institute have discovered bacteria to tackle soil pollution and promote agriculture? IIT Bombay**

11. हाल ही में, शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना की शुरुआत कहाँ की गई है? ओडिशा

**Recently, where has the Shaheed Madho Singh Hath Kharcha Yojana been launched? Odisha**

12. हाल ही में, 11वीं भारत-यूरोपीय संघ मानवाधिकार वार्ता कहाँ आयोजित की गई है? नई दिल्ली

**Recently, where has the 11th India-EU Human Rights Dialogue been held? New Delhi**

13. हाल ही में, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कितने प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है? 6.4

**Recently, what percentage of growth has been estimated in India's GDP in the financial year 2024-25? 6.4**

# भारत में प्रथम (महिला) First in India(Woman)

| | |
|---|---|
| भारत की प्रथम महिला शासिका<br>First female ruler of india | रजिया सुल्तान<br>Razia sultan |
| प्रथम महिला राष्ट्रपति<br>First Woman President | प्रतिभा देवी सिंह पाटिल<br>Pratibha Devi Singh Patil |

| | |
|---|---|
| प्रथम महिला प्रधानमंत्री<br>First woman Prime Minister | इन्दिरा गाँधी (1966-77, 1980-84)<br>Indira Gandhi (1966-77, 1980-84) |
| प्रथम लोकसभा अध्यक्ष<br>First Speaker of Lok Sabha | मीरा कुमार<br>meera kumar |
| लोकसभा की प्रथम महिला महासचिव<br>First woman Secretary General of Lok Sabha | स्नेहलता श्रीवास्तव<br>Snehlata Shrivastava |

# अनुच्छे और विषय / Articles and Subject

| अनुच्छेद Article | विषय Subject |
|---|---|
| अनुच्छेद 44<br>Article 44 | समान नागरिक संहिता (UCC)।<br>Uniform Civil Code (UCC). |
| अनुच्छेद 45<br>Article 45 | 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा का प्रावधान।<br>Provision of early childhood care and education for children below the age of 6 years. |

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद 48 (क)<br>Article 48 (क) | पर्यावरण का संरक्षण।<br>Conservation of the environment. |
| अनुच्छेद 50<br>Article 50 | कार्यपालिका से न्यायपालिका का प्रथक्करण।<br>Separation of judiciary from the executive. |
| अनुच्छेद 51<br>Article 51 | अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा की अभिवृद्धि।<br>Promotion of international peace and security. |

# Computer

## Full Forms

| | |
|---|---|
| DOS → | Disk Operating System |
| ROM → | Read Only memory |
| FTP → | File Transfer Protocol |
| FAT → | File Allocation Table |
| GUI → | Graphical User Interface |

# 28 MARCH 2025 का रिवीजन

Q. 1: हाल ही में भारत की नंबर 1 महिला स्क्वैश खिलाड़ी कौन बनी हैं? Who has recently become India's number 1 female squash player?

(a) तान्या भानोट Tanya Bhanot

(b) अनाहत सिंह Anahat Singh

(c) जोशना चिनप्पा Joshna Chinappa

(d) आकांक्षा सालुंखे Akanksha Salunke

Q. 2: हाल ही में "रिपल्स ऑफ चेंज: जेंडर-ट्रांसफॉर्मेटिव रूरल वाश प्रोग्राम्स इन इंडिया" पुस्तक का विमोचन किसने किया है? Who has recently released the book "Ripples of Change: Gender-transformative rural WASH programmes in India"?

(a) अनिरुद्ध अवस्थी Anirudh Awasthi

(b) चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल Chandrakant Raghunath Patil

(c) बीवीआर सुब्रह्मण्यम BVR Subramaniam

(d) धर्मेंद्र प्रधान Dharmendra Pradhan

Q. 3: हाल ही में किस देश ने फेसबुक पर प्रतिबंध लगाया है? Which country has recently banned Facebook?

(a) पापुआ न्यू गिनी Papua New Guinea

(b) फिलीपींस Philippines

(c) इंडोनेशिया Indonesia

(d) म्यांमार Myanmar

Q. 4: दुनिया की एकमात्र चौगुनी पैरा तीरंदाज कौन हैं? Who is the world's only quadruple para archer?

(a) पूजा यादव Pooja Yadav

(b) शीतल देवी Sheetal Devi

(c) एकता भान Ekta Bhan

(d) पायल नाग Payal Nag

Q. 5: हाल ही में विश्व रंगमंच दिवस 2025 कब मनाया गया है? When was World Theatre Day 2025 celebrated recently?

(a) 25 मार्च 25 March

(b) 26 मार्च 26 March

(c) 27 मार्च 27 March

(d) 28 मार्च 28 March

Q. 6: हाल ही में 10वां ब्रिक्स नीति योजना संवाद कहाँ आयोजित किया गया है? **Where has the 10th BRICS Policy Planning Dialogue been held recently?**

(a) भारत **India**

(b) चीन **China**

(c) रूस **Russia**

(d) ब्राजील **Brazil**

Q. 7: हाल ही में वर्टिकल-लॉन्चड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किसने किया? **Who successfully tested the vertically-launched short-range surface-to-air missile recently?**

(a) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड **Hindustan Aeronautics Limited**

(b) भारतीय वायु सेना **Indian Air Force**

(c) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड

**Bharat Dynamics Limited**

(d) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

**Defence Research and Development Organisation**

Q. 8: हाल ही में किस भारतीय को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग -एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है? Which Indian has recently been elected as the Bureau Member of United World Wrestling - Asia?

(a) योगेश्वर दत्त Yogeshwar Dutt

(b) सुशील कुमार Sushil Kumar

(c) बृजभूषण शरण सिंह Brij Bhushan Sharan Singh

(d) संजय सिंह Sanjay Singh

Q. 9: हाल ही में कौन सा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश बना है? Recently, which country has become the second largest tea exporting country in the world?

(a) श्रीलंका Sri Lanka

(b) केन्या Kenya

(c) भारत India

(d) चीन China

Q. 10: हाल ही में डीएक्स-ऐज की शुरुआत किसने की है? Who has recently launched DX-Edge?

(a) बीवीआर सुब्रह्मण्यम BVR Subrahmanyam

(b) गोपाल विट्टल Gopal Vittal

(c) अमिताभ कांत Amitabh Kant

(d) अजय सेठ Ajay Seth

Q. 11: हाल ही में भारत-युगांडा संयुक्त व्यापार समिति का तीसरा सत्र कहाँ आयोजित किया गया? **Where was the third session of the India-Uganda Joint Trade Committee held recently?**

(a) बेंगलुरु **Bengaluru**

(b) नई दिल्ली **New Delhi**

(c) कंपाला **Kampala**

(d) मुंबई **Mumbai**

Q. 12: हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने 52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम्स की खरीद के लिए किस के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किया हैं?

**Recently the Ministry of Defence has signed a contract with whom for the purchase of 52 caliber Advanced Towed Artillery Gun Systems?**

(a) लार्सन एंड टुब्रो **Larsen & Toubro**

(b) भारत फोर्ज लिमिटेड **Bharat Forge Limited**

(c) टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड **Tata Advanced Systems Limited**

(d) b और c दोनों **Both b and c**

Q. 13: हाल ही में देश का पहला सहकारी विश्वविद्यालय 'त्रिभुवन' कहाँ स्थापित किया जाएगा? Where will the country's first cooperative university 'Tribhuvan' be established recently?

(a) उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh

(b) राजस्थान Rajasthan

(c) गुजरात Gujarat

(d) महाराष्ट्र Maharashtra

Q. 14: हाल ही में किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने जालसाजी से निपटने के लिए Sr2BiF7 नैनोकणों से युक्त एक नई स्याही विकसित की है? Recently, scientists of which institute have developed a new ink containing Sr2BiF7 nanoparticles to combat counterfeiting?

(a) नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान Institute of Nano Science and Technology

(b) भारतीय विज्ञान संस्थान Indian Institute of Science

(c) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre

(d) a और c दोनों Both a and c

Q. 15: हाल ही में किस राज्य में 'मेगालिथ' की खोज हुई? In which state were 'megaliths' discovered recently?

(a) तमिलनाडु Tamil Nadu

(b) हरियाणा Haryana

(c) कर्नाटक Karnataka

(d) केरल Kerala

Q. 16: हाल ही में खोजी गई 'लोबोथोरैक्स भारत' किसकी प्रजाति है? The recently discovered 'Lobothorax india' is a species of which animal?

(a) तितली Butterfly

(b) आइसोपॉड Isopod

(c) बिच्छू Scorpion

(d) कुत्ता Dog

## Home Work Question

Q. राजा रेड्डी निम्न में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं? Raja Reddy is related to which of the following dance styles?

(a) कथक Kathak

(b) भरतनाट्यम Bharatanatyam

(c) कथकली Kathakali

(d) कुचिपुड़ी Kuchipudi